| केंद्रीय विद्यालय बी.एच.यू. वाराणसी प्रथम पाली | | |
|---|---|---|
| **अर्धवार्षिक परीक्षा – (2024-2025)** | | |
| **कक्षा :7वीं** | **विषय : हिंदी** | |
| **पूर्णांक :60** | **समय : $2^{1/2}$ घंटा** | |

**निर्देश -**

1. **प्रश्न पत्र में चार (क ,ख ,ग व घ) भाग है |**
2. **भाग (क) में अपठित गद्यांश , पद्यांश आधारित प्रश्न है |**
3. **भाग (ख) में व्यावहारिक व्याकरण एवं दक्षता आधारित प्रश्नहै |**
4. **भाग (ग) में पाठ्य पुस्तकआधारित प्रश्न है |**
5. **भाग (घ) रचनात्मकलेखन**

| | **खंड-क (अपठित बोध )** | |
|---|---|---|
| **प्रश्न 1.** | **निम्नलिखित अपठित गद्यांश को ध्यान पूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिये-** | 1×5=5 |
| | परिश्रम उन्नति का द्वार है | मनुष्य परिश्रम के सहारे ही जंगली अवस्था से वर्तमान विकसित अवस्था तक पहुँचा है | उसी के सहारे उसने अन्न, वस्त्र, घर, मकान, भवन, थे। बाँध, पुल, सड़कें आदि बनाईं हैं | तकनीकी का विकास किया, जिसके सहारे आज यह जगमगाती सभ्यता चल रही है | परिश्रम केवल शरीर की क्रियाएँ का ही नाम नहीं है, मन तथा बुद्धि से किया गया कार्य भी परिश्रम कहलाता है | हर श्रम में बुद्धि तथा विवेक का पूरा योगदान रहता है | परिश्रम करने वाला मनुष्य सदा सुखी रहताहै | परिश्रमी व्यक्ति का जीवन सदा स्वाभिमान से पूर्ण रहता है, वह स्वयं अपने का भाग्य का निर्माता होता है | उसमें आत्म-विश्वास होता है | परिश्रमी किसी भी संकट कोबहादुरी से झेलता है तथा उससे संघर्ष करता है | परिश्रम कामधेनु है जिससे मनुष्य की सबइच्छाएँ पूरी हो सकती हैं | मनुष्य को मरते दम तक परिश्रम का साथ नहीं छोड़ना चाहिए | जो परिश्रम के वक्त इनकार करता है, वह जीवन में पिछड़ जाता है | | |
| (I) | वर्तमान विकसित अवस्था तक मनुष्य कैसेप हुँचा?<br>(क) बुद्धि से (ख) जंगल से (ग) परिश्रम से (घ) आत्म-विश्वास से | **1** |
| (II) | मन तथा बुद्धि द्वारा किया जाने वाला कार्य क्या कहलाता है?<br>(क) परिश्रम (ख) श्रम<br>(ग) क्रियाएँ (घ) उपर्युक्त सभी | **1** |
| (III) | परिश्रमी व्यक्ति के कौन-कौन से गुण हैं?<br>(क) आत्म-विश्वासी (ख) स्वाभिमानी<br>(ग) स्वयं अपने भाग्य का निर्माता (घ) सभी | **1** |
| (IV) | कौन जीवन में पीछे रह जाता है?<br>(क) जो परिश्रम नहीं करता (ख) जिस पर संकट आते हैं<br>(ग) जिसकी इच्छा पूरी नहीं होती (घ) इनमें से कोई नहीं | **1** |
| (V) | मनुष्यपरिश्रमसेक्याबनाताहै?<br>(क) घर (ख) बांध (ग) पुल (घ) ये सभी | 1 |

| | | |
|---|---|---|
| **प्रश्न 2.** | **निम्नलिखित अपठित पद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों से सही उत्तर दीजिये-** | 1×5=5 |
| | हँसते खिलखिलाते रंग-बिरंगे फूल<br>क्यारी में देखकर<br>जी तृप्त हो गया।<br>नथुनों से प्राणों तक खिंच गई<br>गंध की लकीर-सी<br>आँखों में हो गई रंगों की बरसात<br>अनायास कह उठा दिल वाह!<br>धन्य है वसंत ऋतु ! | |
| (I) | कवि ने किस ऋतु का वर्णन किया है?<br>(i) पतझड़ (ii) वसंत (iii) वर्षा (iv) ग्रीष्म | **1** |
| (II) | रंग-बिरंगे फूलों को देखकर कवि के हृदय में कौन-सा भाव आया?<br>(i) प्रसन्नता (ii) कृतज्ञता (iii) संतुष्टि (iv) चापलूसी | **1** |
| (III) | गंधकी लकीर-सी' से क्या अभिप्राय है<br>(i) गंध की रेखा (ii) हृदय में सुगंध की अनुभूति<br>(iii) खुशबू (iv) सुगंध से हृदय में प्रसन्नता की अनुभूति | **1** |
| (IV) | काव्यांश का उपर्युक्त शीर्षक होगा<br>(i) रंग-बिरंगे फूल (ii) वसंतऋतु (iii) गंध की लकीर (iv) रंगों की बरसात | **1** |
| (V) | अनायास ही कवि का दिल क्या कह उठा?<br>(i) क्या बात हैबसंत ऋतु (ii) वाह क्या बात है वर्षाऋतु<br>(iii) धन्य है बसंत ऋतु (iv) धन्य है वर्षा | 1 |
| | **खंड - ख ( व्यावहारिक व्याकरण एवं दक्षता आधारित प्रश्न)** | |
| **प्रश्न 3.** | **निर्देशानुसार उत्तर लिखिए।** | |
| (I) | वाक्य बनाइए:- चलते-चलते-------------------रह-रहकर-------------------- | 2 |
| (II) | विशेषण, संज्ञा अलग कीजिए।<br>नील गाय---------- -----------अनजान रास्ता _------------ ----------- | **2** |
| (III) | निम्नलिखित शब्दों के विलोम शब्द लिखिए:- परतंत्र _____अनुकूल _____ | **2** |
| (IV) | निम्नलिखित शब्दों के पर्यायवाची शब्द लिखिए:- धरती____सूरज____ | **2** |
| (V) | वाक्य को शुद्ध करके लिखिए।<br>(क) दो लङ्का आ रहा है। (ख) यह तुम्हारा किताब हैं। | **2** |
| (VI**)** | व्याकरण की दृष्टि से "मिठाईवाला" शब्द है:- (क) संज्ञा (ख) सर्वनामग) (ग) विशेषणघ (घ ) क्रिया | 1 |
| (VII) | हाथ ' शब्दसे 'हथियाना' शब्द बनता है। ऐसे ही दिए गए शब्दों की सहायता सेअन्य शब्द बनाओ। (क) बात ...................... (ख) धक्का .................... | 2 |
| (VIII) | त्रिमूर्ति' शब्दमें त्रि (तीन) एक संख्या है। ऐसे ही संख्या वाले अन्य तीन शब्द लिखो। (क) ...................... (ख) .................... | 2 |

| | | |
|---|---|---|
| | **खंड - ग (पाठ्यपुस्तक)** | |
| **प्रश्न 4.** | **निम्नलिखित पठित पद्यांश को ध्यान से पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिये-** | **1X5=5** |
| | ऐसे थे अरमान कि उड़ते<br>नीले नभ की सी मापाने,<br>लाल-किरण-सी चोंच खोल<br>चुगते तारक-अनार के दाने\| | |
| (I) | कवि एवं कविता का नाम बताएं:-<br>(क) हम पंछी उन्मुक्त गगन के - शिवमंगल सिंह सुमन<br>(ख) हम पंछी उन्मुक्त गगन के - नागार्जुन<br>(ग) हम पंछी उन्मुक्त गगन के - शिवप्रसाद सिंह<br>(घ) कठपुतली - भवानी प्रसाद मिश्र | **1** |
| (II) | पक्षियों कि अभिलाषा क्या है?<br>(क) आकाश की सीमा तक उड़ने की (ख) आकाश में गीत गाने की<br>(ग) मीठे फल खाने की (घ) कनक कटोरी में मैदा खाने की | **1** |
| (III) | "नभ" का पर्यायवाची लिखो \|<br>(क) नदी (ख) पर्वत (ग) पत्थर (घ) आकाश | **1** |
| (IV) | बंधन किसका है?<br>(क) स्वर्ण का। (ख) श्रृंखला का। (ग) स्वर्ण श्रृंखला का। (घ) मनुष्य का | 1 |
| (V) | पक्षी कहाँ का जल पीना पसंद करते हैं?<br>(क) नल का जल (ख) वर्षा का जल (ग) नदी-झरनों का जल (घ) पिंजरे में रखा जल | 1 |
| **प्रश्न 5.** | **महाभारत पाठों के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं चार के उत्तर दीजिए -** | 2×4=8 |
| (I) | द्रुपद कौन था और किसका मित्र था? | **2** |
| (II) | पांडु की पत्नियों के क्या नाम थे? | **2** |
| (III) | भीष्म पितामह कौन थे ? | 2 |
| (IV) | गुरु द्रोणाचार्य ने कुएं से गेंद किस प्रकार निकाली? | 2 |
| (V) | कर्ण ने परशुराम के साथ क्या छल किया? | 2 |
| **प्रश्न 6.** | **पाठय पुस्तक वसंत के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्ही पाँच के उत्तर दीजिए -** | **2×5** |
| (I) | पक्षी उन्मुक्त रहकर अपनी कौन-कौन सी इच्छाएं पूरी करना चाहते हैं? | **2** |
| (II) | खम्भा, पेड़, लेटर बाक्स सभी एक साथ कहां खड़े थे? | **2** |
| (III) | काका कालेलकर ने नदियों को लोकमाता क्यों कहा है? | *2* |
| (IV) | कठपुतली को गुस्सा क्यों आया? | 2 |

| | | |
|---|---|---|
| (V) | मिठाईवाला हर बार अलग-अलग चीजें क्यों बेचता था? | 2 |
| (VI) | रहीम के दोहे का मुख्य अभिप्राय क्या है। | 2 |
| | **खंड-घ ( रचनात्मक लेखन** | |
| **प्रश्न 7.** | चित्र को देखकर वाक्य बनाइए।(चित्र वर्णन )<br><br>(संकेत : सूर्योदय ,योग ,स्वस्थय ,झूला ,हरे भरे खेत ,सुबह का दृश्य ) | **4×1=4** |
| **प्रश्न 8.** | **निम्न में से कोई एक पत्र लिखिए।**<br>**प्रधानाचार्य को स्कूल छोड़ने का स्थानांतरण प्रमाणपत्र देने के लिए प्रार्थना पत्र लिखे।**<br>**अथवा**<br>**कक्षा में पंखे लगवाने हेतु प्रधानाचार्य को प्रार्थना पत्र लिखें ।** | **4x1=4** |
| **प्रश्न 9.** | **खिड़की का दरवाजे सेसंवा दलिखिए।**<br>**अथवा।**<br>**कलम का काँपी से संवाद लिखिए ।** | **4×1=4** |